प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 17 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। मै. वीएनआर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड एक गैर–सरकारी कंपनी है। यह एक निजी गैर सूचीबद्ध कंपनी है और इसे शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह कंपनी संकर बीजों के विकास और उत्पादन में संलग्न है तथा यह कंपनी सब्जी, फल एवं आनाज के बीज प्रदान करता है तथा इस कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय के 03 विद्यार्थियों क्रमशः वरलक्ष्मी एस, थोला नरेश एवं नेहा जुयाल को चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त पैकेज लगभग रू. 5.40 से 7.20 लाख वित्तीय तथा अन्य सुविधाएं प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

(1) वरलक्ष्मी एस

(2) थोला नरेश

(3) नेहा जुयाल